Roll No. …………………..

# BAHL–101

गद्य साहित्य-1

Bachelor of Arts (B. A.–12/16)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

1. किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये : 10

(क) लड़ाई के समय चाँद निकल आया था, ऐसा चाँद जिसके प्रकाश से संस्कृत कवियों का दिया हुआ 'क्षयी' नाम सार्थक होता है, और हवा ऐसी चल रही थी जैसी कि बाणभट्ट की भाषा में 'दन्तवीणोपदेशाचार्य' कहलाती। वजीरा सिंह कह रहा था कि कैसे मन-मन भर फ्रांस की भूमि मेरे बूटों से चिपक रही थी, जब मैं दौड़ा-दौड़ा सूबेदार के पीछे गया था।

(ख) मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे; लेकिन केवल तीन दर्जे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था जब मैंने शुरू किया था; लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसन्द न करते थे। इस भावना की बुनियाद खूब मजबूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिये दस अंक निर्धारित हैं। 20

(क) कहानी का अर्थ व स्वरूप स्पष्ट करते हुए इसके प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिये।

(ख) कहानी कला के तत्वों के आधार पर प्रेमचन्द की कहानी 'बड़े भाई साहब' की विवेचना कीजिये।

(ग) जैनेन्द्र कुमार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मूल्यांकन कीजिये।

(घ) 'त्यागपत्र' उपन्यास के संरचना शिल्प पर विस्तार से प्रकाश डालिये।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी गद्य के विकास के कारणों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
2. उपन्यास और कहानी विधा में मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. प्रेमचन्द युगीन हिन्दी उपन्यासों पर प्रकाश डालिए।
4. 'उसने कहा था' कहानी के प्रतिपाद्य पर एक टिप्पणी लिखिए।
5. 'सुहागिनी' कहानी के देशकाल या परिवेश पर लिखिए।
6. मृणाल की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।
7. शैलेश मटियानी के जीवन एवं कृतित्व का परिचय दीजिए।
8. 'अपना-अपना भाग्य' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिए।

1. 'प्रेमसागर' के लेखक कौन हैं ?
   - (क) सदल मिश्र
   - (ख) लल्लू लाल
   - (ग) भगवतीचरण वर्मा
   - (घ) रामप्रसाद निरंजनी

2. रचनाकाल की दृष्टि से हिन्दी का सर्वप्रथम उपन्यास है :
   - (क) भाग्यवती
   - (ख) परीक्षागुरु
   - (ग) नूतन ब्रह्मचारी
   - (घ) चन्द्रकांता

3. 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक हैं :

(क) जैनेन्द्र कुमार (ख) मन्नू भण्डारी

(ग) प्रेमचन्द (घ) मोहन राकेश

4. 'नई कहानी' आंदोलन से जुड़े कहानीकार हैं :

(क) मन्नू भण्डारी (ख) मोहन राकेश

(ग) शैलेश मटियानी (घ) प्रेमचन्द

5. 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक हैं :

(क) मन्नू भण्डारी (ख) प्रेमचन्द

(ग) मोहन राकेश (घ) जैनेन्द्र कुमार

सत्य/असत्य चुनिए :

6. 'सुहागिनी' कहानी का केन्द्र पद्मावती है।
7. 'बड़े भाई साहब' कहानी का प्रकाशन 1936 में हुआ।
8. जैनेन्द्र कुमार ने उपन्यासों को मनोवैज्ञानिक सत्य पर लाने का प्रयास किया।
9. 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल' महावीर प्रसाद द्विवेदी की पंक्ति है।
10. 'मलबे का मालिक' कहानी भारत विभाजन के फलस्वरूप पैदा हुई मनःस्थिति पर आधारित है।